पत्रांकः BSDM/RYP-116/2022-927

बिहार सरकार
श्रम संसाधन विभाग
बिहार कौषल विकास मिषन

प्रेषक,

सुरेश कुमार सिंह
मिशन निदेशक,
बिहार कौशल विकास मिशन,
बिहार, पटना।

सेवा में,

केन्द्र प्रमुख / संचालक /निदेशक/समन्वयक
सभी कौशल विकास केंद्र,
बिहार।

पटना, दिनांकः 05.05.2025

विषयः– बिहार कौशल विकास मिशन अंतर्गत संचालित कौशल विकास केन्द्रों पर पुराने बैनर, किसी अन्य संस्था, स्कूल या इंस्टिट्यूट के बैनर की जगह प्रमुख रुप से नया बैनर लगाये जाने के सम्बन्ध में।

महाशय / महाशया,

उपर्युक्त विषय के संबंध में सूचित करना है कि बिहार कौशल विकास मिशन द्वारा गठित अनुश्रवण टीम के निरीक्षण के कम में पाया गया है कि कौशल विकास केन्द्रो पर पुराने बैनर के साथ, अन्य संस्थानों, स्कूल या इंस्टिट्यूट के बैनर लगाया गया है, जो मिशन के द्वारा दिये गये निदेश और नियम के विरुद्ध है।

अतः उक्त के आलोक में सभी कौशल विकास केन्द्र के केन्द्र प्रमुख / संचालक /निदेशक एवं समन्वयकों को निदेश दिया जाता है कि दिनांक 20/05/2025 तक पुराने बैनर, संस्था, स्कूल या इंस्टिट्यूट के बैनर को परिवर्तित कर प्रमुख रुप से दिखने वाले प्रवेश द्वार / दीवार पर आनुपातिक रुप से नए बैनर आयरन फ्रेम के साथ, वाल पेंट/लाइट बोर्ड के साथ लगवाया जाना सुनिश्चित करेंगे।

साथ ही किसी अन्य संस्था, स्कूल आदि के बैनर को बिहार कौशल विकास मिशन के साथ न लगाया जाये, अन्यथा बिहार कौशल विकास मिशन के द्वारा विधिसम्मत कार्रवाई कि जाएगी।

विश्वासभाजन

5/5/25

(सुरेश कुमार सिंह)
मिशन निदेशक
बिहार कौशल विकास मिशन।